# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1038 / कार्य-2 / 54 दिनांक 18/7/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः—ई—पेपर दैनिक जागरण अमेठी में प्रकाशित "जल जीवन मिशन की हकीकत, अमेठी में 4.13 करोड़ रुपये से निर्मित पानी की टंकी में से एक बूंद पेयजल नहीं" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई—पेपर दै0 जागरण अमेठी में प्रकाशित "जल जीवन मिशन की हकीकत, अमेठी में 4.13 करोड़ रुपये से निर्मित पानी की टंकी में से एक बूंद पेयजल नहीं" के संलग्न समाचार पत्र के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उक्त शिकायत विकास खण्ड—भादर के अन्तर्गत गुडूरी ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है। जिसके समस्त कार्य मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त ग्रामीण पेयजल योजना में प्रस्तावित 01 नग नलकूप व 01 नग पम्पहाउस निर्माण के सापेक्ष कार्य पूर्ण है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 16.90 किमी0 के सापेक्ष 16.46 किमी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है, प्रस्तावित गृह संयोजन 400 नग के सापेक्ष 205 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है एवं प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय क्षमता 250किली/22मी0 स्टेजिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा उक्त योजना में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में उक्त योजना से 07 मजरों के सापेक्ष 02 मजरें में आंशिक रुप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

**संलग्नकः**—उपरोक्तानुसार।

**भवदीय**

(हस्ताक्षर)

**अधिशासी अभियन्ता**

पृं0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प—सुलतानपुर)।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5. टी0पी0आई0 अमेठी।
6. मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई (कैम्प—अमेठी)।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner